प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
22.11.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

'' पहले मुख्य समाचार''

- केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नए श्रम सहिताएं लागू होने पर देश के श्रमिकों को दी बधाई।
- दुबई एयर शो में हुए तेजस विमान हादसे में प्रदेश के वीर सपूत नमन स्याल के निधन पर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा सहित भाजपा नेताओं ने किया शोक व्यक्त।
- राज्य सरकार ने जॉब ट्रेनी के ग्रुप–ए, बी और सी पदों को भरने को लेकर नए निर्देश किए जारी।
- पंचायत चुनाव में हो रही देरी पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डा राजीव बिंदल ने राज्य सरकार को घेरा, कहा सरकार किसी भी विषय को लेकर गंभीर नहीं।
- प्रदेश में सुबह–शाम ठंड का प्रकोप जारी–न्यूनतम तापमान में गिरावट के चलते जनजातीय क्षेत्रों में प्रभावित होने लगा जनजीवन।

अमित शाह

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने देशभर में नए श्रम सहिताएं लागू होने पर देश के श्रमिकों को बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में गृहमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बनाए गए ये संहिता श्रम कानूनों के इतिहास में सबसे बड़ा सुधार हैं। शाह ने कहा कि ये संहितां श्रमिकों को न्यूनतम मज़दूरी, सामाजिक सुरक्षा, महिला मज़दूरों के लिए समान अवसर और असंगठित श्रमिकों को कानूनी पहचान की गारंटी देते हैं। उन्होंने कहा कि ये संहिताएं श्रमिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाएंगे और दुनिया के लिए एक रोल मॉडल बनेंगे। केंद्र सरकार ने कल देश में दशकों पुराने मौजूदा श्रम कानूनों को सरल और कारगर बनाने के उद्देश्य से चार नए श्रम संहिताओं को लागू करने की घोषणा की।

तेजस हादसा

दुबई एयर शो में हुए तेजस विमान हादसे में प्रदेश के कांगडा जिला के वीर सपूत नमन स्याल के निधन पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा सहित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार, प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल एवं सभी सांसदों ने नगरोटा बगवां के इस वीर सपूत के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। भाजपा नेताओं ने कहा कि देश को उनके अमुल्य वलिदान पर हमेशा गर्व रहेगा। वहीं मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी नमन स्याल के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करने हुए कहा कि यह खबर बेहद दुखद और हृदयविदारक है। मुख्यमंत्री ने कहा देश ने एक बहादुर, कर्तव्यनिष्ठ और साहसी पायलट खो दिया है। मुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिवारजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदानाएं प्रकट की।

भाजपा

भारतीय जनता पार्टी संगठनात्मक जिला नूरपुर की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने की। बैठक में संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई तथा आगामी रणनीति को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बाद में मीडिया से बात करते हुए डा बिंदल ने पंचायत चुनाव में हो रही देरी पर राज्य सरकार को घेरा और कहा कि सरकार किसी भी विषय को लेकर गंभीर नहीं है।

जॉब ट्रेनी

राज्य सरकार ने जॉब ट्रेनी के ग्रुप–ए, बी और सी पदों को भरने को लेकर नए निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत ग्रुप ए और बी के सभी पदों को भरने का दायित्व हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग को सौंपा गया है साथ ही ग्रुप सी के कुछ ऐसे पद जिनकी सरकारी स्तर पर सिफारिश की जाएगी उनको लोक सेवा आयोग के स्तर पर भरा जाएगा। इसके अलावा ग्रुप सी के शेष बचे सभी पदों को हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग के माध्यम से भरा जाएगा। इस संबंध में सचिव कार्मिक ने कल अधिसूचना जारी की है। सभी प्रशासनिक सचिवों, मंडलायुक्तों, विभागध्यक्षों, उपायुक्तों, निगम–बोर्डों के अधिकारियों, सचिवों हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग एवं सचिव हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग हमीरपुर को इस संबंध में सूचना जारी की गई है।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शिमला ज़िले के कोटखाई में आज 2 करोड़ 32 लाख रूपये से निर्मित लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता कार्यालय भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस भवन से विभाग के कार्यों में और अधिक दक्षता आएगी व कर्मचारियों को भी सुविधा होगी। रोहित ठाकुर ने कहा कि जुब्बल–नावर–कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रूपये के विकास कार्य प्रगति पर हैं। इस दौरान शिक्षा मंत्री ने कोटखाई में केंद्रीय विद्यालय के लिए चयनित भूमि का निरीक्षण भी किया।

फुटबॉल चौंपियनशिप

चंबा के ऐतिहासिक चौगान मैदान में आयोजित हिमाचल प्रदेश इंटर कॉलेज फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न हो गई। चार दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 16 महाविद्यालयों के 320 खिलाड़ियों ने भाग लिया। राजकीय महाविद्यालय खड्ड की टीम ने राजकीय महाविद्यालय ऊना की टीम को 1–0 से पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा किया। समापन समारोह में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी चम्बा अमित मेहरा बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। इस अवसर पर अमित मेहरा ने कहा कि जीवन में खेलों का विशेष महत्व है। इससे जहां शारीरिक रूप से स्वस्थ रहा जा सकता है वहीं नशे से दूरी बनाने में भी खेल सहायक साबित होगा।

वहीं चंबा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मदन गुलेरिया ने बताया कि चयनित खिलाड़ी आगे इंटर यूनिवर्सिटी और नेशनल स्तर पर हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

केंद्रीय प्रतिनियुक्ति

आईएएस अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक एचपी राज्य उद्योग विकास निगम डा. ऋचा वर्मा केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली जाएंगी। उनको उच्च शिक्षा निदेशालय नई दिल्ली में उप सचिव के पद पर तैनाती दी गई है। इसके अलावा आईएएस अधिकारी एवं हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड के निदेशक कार्मिक एवं वित्त अनुराग शर्मा को प्रबंध निदेशक एचपी राज्य उद्योग विकास निगम का अतिरिक्त दायित्व सौंपा गया है।

मौसम

प्रदेश में सुखी ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रदेश के तीन क्षेत्रों का तापमान माइनस में दर्ज किया गया है जबकि कई बड़े शहरों का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सैल्सियस से नीचे चला गया है। मौसम विभाग द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार ताबो का न्यूनतम तापमान माइनस 4 दशमलव 6, कुकुमसेरी का माइनस 2 दशमलव 8 और केलंग का न्यूनतम तापमान माइनस 2 दशमलव एक डिग्री सैल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। तापमान में भारी गिरावट के चलते इन क्षेत्रों में जनजीवन प्रभावित होने लगा है। मौसम विभाग ने आगामी एक सप्ताह तक प्रदेश में मौसम के इसी तरह शुष्क बने रहने का पूर्वानुमान जारी किया है।

<u>सुर्खियां समाचार पत्रों से ........</u>

आज अखबारों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला ने राज्यपाल के हवाले से सुर्खी दी है मंत्री कह रहे चुनाव समय पर होंगे, डीसी का इनकार, विरोधाभास क्यों। दैनिक भास्कर का शीर्षक है चुनाव आयुक्त ने राज्यपाल को बंद लिफाफे में सौंपी रिपोर्ट। दैनिक जागरण के शब्द हैं सरकार–अधिकारी सहायोग करें तो समय पर होंगे पंचायत चुनाव।

हिमाचल दस्तक की एक खबर है चुनाव आयोग के सीमांकन फैसले के विरूद्ध हाईकोर्ट जाएगी सरकार।

पंजाब केसरी व दिव्य हिमाचल की लगभग एक जैसी सुर्खी है दुबई एयर शो में क्रैश हुए तेजस में नगरोटा बगवां का पायलट शहीद।

<u>''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''</u>

- केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नए श्रम सहिताएं लागू होने पर देश के श्रमिकों को दी बधाई।
- दुबई एयर शो में हुए तेजस विमान हादसे में प्रदेश के वीर सपूत नमन स्याल के निधन पर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा सहित भाजपा नेताओं ने किया शोक व्यक्त।

- राज्य सरकार ने जॉब ट्रेनी के ग्रुप–ए, बी और सी पदों को भरने को लेकर नए निर्देश किए जारी।
- पंचायत चुनाव में हो रही देरी पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डा राजीव बिंदल ने राज्य सरकार को घेरा, कहा सरकार किसी भी विषय को लेकर गंभीर नहीं।
- प्रदेश में सुबह–शाम ठंड का प्रकोप जारी–न्यूनतम तापमान में गिरावट के चलते जनजातीय क्षेत्रों में प्रभावित होने लगा जनजीवन।